कोटद्वार, मंगलवार
29 अक्टूबर 2024
वर्ष: 46
अंक: 178 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### दीपावली मिलन में बद्री गाय के उत्पादों की खरीददारी

देहरादून। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से रिं रोड स्काई गार्डन में आयोजित 'दीपावली मिलन' कार्यक्रम में लगे विशेष स्टालों पर लोगों ने बद्री गाय के गोबर से तैयार दीपक एवं अन्य उत्पादों की जमकर की खरीदारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शम्भू प्रसाद सती, संचालन अवनीश मलासी ने किया। नगर प्रचारक अंकुश, व्यवस्था प्रमुख कुलदीप नेगी के साथ ही स्वयं सेवक सुरेन्द्र सकलानी, सतीश डंगवाल समेत विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्र भक्ति, सामाजिक विषयों एवं दीपावली पर्व पर विचार रखे। श्रीकांत शर्मा ने जोशीले अंदाज में राष्ट्र भक्ति, पारिवारिक एवं सामाजिक संस्कारों की प्रेरणादायक एवं कविताओं का पाठ किया। मुकेश हटवाल, अनिल मैखुरी, कल्पना रावत, आरती ध्यानी, नरेश चन्द्र कुलाश्री ने स्वस्थ जीवन के प्रति जन जागरूकता पर विचार रखे। उत्तरांचल उत्थान परिषद की ओर से विशेष स्टाल में बद्री गाय के गोबर से तैयार गुणकारी दीपक, शुभ लाभ के स्टीकर, धूप, मूर्तियां एवं अन्य वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। विशेष स्टाल संचालन में उत्तरांचल उत्थान परिषद के पूर्व अध्यक्ष जयमल सिंह नेगी, संगठन मंत्री शम्भू प्रसाद पुरोहित, यशोदानंदन कोठियाल मौजूद रहे।

### पर्यावरण मित्रों को सरकार ने दिया दीपावली तोहफा

देहरादून। सरकार ने शहरी विकास विभाग के अंतर्गत निकायों में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है। पर्यावरण मित्रों को जीवन बीमा के रूप में मिलने वाली दो लाख रुपये की धनराशि को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। इससे शहरी निकायों में कार्यरत 6500 पर्यावरण मित्रों को फायदा होगा। यह जानकारी शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दी है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत प्रदेश के शहरी निकायों में नियमित, संविदा, मोहल्ला स्वच्छता समिति में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को इसका लाभ मिलेगा। अभी तक इन्हें जीवन बीमा के रूप में दो लाख रुपये की धनराशि राज्य सरकार की ओर से दी जा रही थी। अग्रवाल ने बताया कि इस बीमा राशि में इजाफा करते हुए इसे दो लाख रुपये से पांच लाख रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि जीवन बीमा की विशेषता यह है कि इसमें मृत्यु किसी भी कारण से होने पर जीवन बीमा का लाभ अनुमन्य होगा। अग्रवाल ने बताया कि जीवन बीमा का प्रीमियम पूर्णतः राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा।

### ऋषिकेश से तपोवन के बीच बनेगी 8 किमी लंबी टनल

देहरादून। बदरीनाथ हाईवे पर ऋषिकेश से तपोवन के बीच चारधाम यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय इस क्षेत्र में आए दिन लगने वाले जाम को देखते हुए आठ किमी लंबी टनल बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इससे यात्रा सुगम होने के साथ ही यात्रियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। दरअसल, चारधाम यात्रा के लिए केंद्र सरकार ने ऑल वेदर रोड के तहत चारधाम की सड़क को डबल लेन किया है। लेकिन तीर्थ यात्रियों की लगातार बढ़ने की वजह से ऑल वेदर के कई हिस्सों में जबरदस्त जाम की स्थिति पैदा हो रही है। इसे देखते हुए अब लगातार बाईपास और टनल योजनाओं की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इसी को देखते हुए पहले ऋषिकेश में बाईपास निर्माण की परियोजना को मंजूर किया गया। करीब 1500 करोड़ की इस परियोजना के तहत नेपालीफार्म से ढालवाला तक एलिवेटेड रोड और टनल बाईपास का निर्माण किया जाना है।

### घायल ड्राइवर की मौत

विकासनगर। डिवाइडर पर बैठे सेलाकुई स्थित जय श्री श्याम लॉजिस्टिक कंपनी के ड्राइवर को एक वाहन ने टक्कर मार दी। इससे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मी उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले गए। यहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। कंपनी ने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल और टक्कर मारने वाले वाहन के चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जय श्री श्याम लॉजिस्टिक कंपनी के मैनेजर जय प्रकाश शर्मा पुत्र महेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम सींधोवाला जिंद हरियाणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अक्तूबर को उनकी कंपनी का ड्राइवर सोरन सिंह पुत्र राजाराम ग्राम सुल्तानपुर रामनगर, उत्तर प्रदेश सुबह करीब 11 बजे सेलाकुई के ईडी चौक पर डिवाइडर पर बैठा था। इसी दौरान एक वाहन के चालक सुमित पुत्र राजेंद्र पंत निवासी तिनगिरी गोटद्वारा टिहरी गढ़वाल ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके डाइवर को टक्कर मार दी।

## सेना की बड़ी कामयाबी

# फायरिंग करने वाले 3 आतंकी ढेर



जम्मू, सोमवार को जम्मू–कश्मीर के अखनूर इलाके में आतंकियों ने एक सेना के वाहन पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने आतंकी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने के बाद एक मंदिर में छिपने का प्रयास कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से मंदिर में घुसकर बच्चों को बंधक बनाने की कोशिश की थी। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह अखनूर के बत्तल इलाके में आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया, आतंकियों की घात लगाकर हमला करने की कोशिश नाकाम हो गई, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी अभियान शुरू किया गया था। जिसमे सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को ढ़ेर कर दिया है। सेना आतंकियों के सभी निकलने के रास्ते सील कर दिए गए था। खासकर शांति से हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद आतंकियों ने जम्मू–कश्मीर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। पिछले गुरुवार को आतंकियों ने गुलमर्ग के पास सेना के एक वाहन पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों और दो स्थानीय पोर्टरों की मौत हो गई थी।

### दिल्ली में लागू हो सकता है ग्रेप–3, दिवाली से पहले कई इलाकों में खतरनाक स्तर तक पहुंचा एक्यूआई

नई दिल्ली, दिल्ली की हवा दिवाली से पहले बेहद जहरीली हो चुकी है। आज सुबह 6 बजे 24 घंटे का औसत क्तह्न 264 रहा। यह रविवार की तुलना में 90 अंक कम है, लेकिन सेहत के लिए यह भी बेहद खराब है। पिछले सप्ताह हवा की गति धीमी होने के कारण दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई थी। अब तेज हवा के कारण इसमें सुधार आया है, लेकिन अभी भी यहां हवा का स्तर बेहद चिंताजनक बना हुआ है।

दिल्ली में हवा की स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। हालांकि, दिल्ली से सटे गुरुग्राम से बड़ी संख्या में पटाखे दिल्ली के अंदर लाए जा रहे हैं। इसके अलावा चोरी–छिपे भी बड़ी मात्रा में पटाखे बेचे जा रहे हैं। ऐसे में दिवाली पर दिल्ली की हवा और खराब होने का डर है। ऐसा होने पर ग्रैप–3 लागू हो सकता है। सरकार दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने की कोशिश करती है। इसमें कई तरह के प्रतिबंध शामिल होते हैं।

# फर्जी सोसाइटी बनाकर करोड़ों का गबन करने वाले गिरफ्तार

## लोगों को कम समय में अधिक व्याज, मैच्योरिटी धनराशि का देते थे लालच



कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड में फर्जी कॉपरेटिव सोसाइटी बनाकर में 92 करोड़ की धोखाधड़ी व अन्य राज्यों में 189 करोड़ का गबन करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो फॉर्च्यूनर कार भी बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपी लोगों को कम समय में अधिक ब्याज व मैच्योरिटी धनराशि देने का लालच देते थे। कोटद्वार निवासी तृप्ति नेगी ने एलयूसीसी शाखा दुगड्डा के मैनेजर ग्राम देवडाली गुमखाल निवासी विनीत सिंह व कैशियर प्रज्ञा रावत के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसमें बताया गया कि आरडी खुलवाने के नाम पर उक्त व्यक्ति उनसे पैसे लेते रहे। लेकिन, इसका कोई बांड नहीं दिया गया और न ही उसकी आरडी जाम की गई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। इसके लिए बकायदा एक विशेष टीम भी गठित की गई।

जांच टीम के सामने आया कि गिरीश चन्द्र सिंहं बिष्ट (जीसीएस बिष्ट) निवासी मीरा नगर, बीरभद्र ऋषिकेश ने वर्ष 2016 में आईडीपीएल ऋषिकेश में कंपनी/सोसाइटी की ब्रांच की स्थापना की। साथ ही लोगों को इसमें पैसे लगाकर होने वाले फायदों के बारे में भी बताया। भरोसा कर लोगों ने पैसा लगाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे जीसीएस बिष्ट द्वारा उत्तराखंड में कुल 35 शाखायें खुलवायी गई। जिसमें जनपद पौड़ी में दुगड्डा, कोटद्वार, सतपुली, श्रीनगर एवं जनपद देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी आदि में भी शाखायें खुलवायी गई। जीसीएस बिष्ट ने अपने अधीन चार मुख्य चेस्ट ब्रांच हेड बनायी, जिसमें मंगला निवासी मीरा नगर ऋशिकेश, तरूण मौर्य निवासी मीरा नगर ऋषिकेश, सोनू निवासी हर्बटपुर विकासनगर, उर्मिला बिष्ट निवासी ऋषिकेश शामिल हैं। उक्त चेस्ट ब्रान्चों का कार्य अन्य शाखाओं से पैसा लेना व जीसीएस बिष्ट के माध्यम से आगे भिजवाने का था। बाद में जीसीसीएस बिष्ट उत्तराखंड हेड बन गए व जिनके द्वारा विभिन्न सेमिनार करवाये गए तथा लोगों को पैसा इन्वेस्टमेन्ट करने के फायदे एवं लुभावनी स्कीमें बताकर लोगों को आकर्षित किया गया। जीसीएस बिष्ट ने जिन एजेंटों और ब्रांच मैनेजर के द्वारा कंपनी में ज्यादा पैसा इन्वेस्टमेंट कराया गया उन्हें विदेश घुमाने के साथ-साथ महंगी गाड़ियां भी गिफ्ट की।

### विदेश घुमाने व फ्लैट गिफ्ट का देते थे लालच

वर्ष 2021 में मुकदमा उपरोक्त के अभियुक्त मैनेजर विनीत सिंह द्वारा जीसीएस बिष्ट व उर्मिला बिष्ट ब्रान्च मैनेजर छिद्दरवाला देहरादून के कहने पर दुगड्डा में भी एक शाखा खोली गयी थी। उक्त कंपनी के फायदों के बारे में लोगों को प्रभावित करने के लिये जीसीएस बिष्ट एवं उर्मिला बिष्ट द्वारा अपने साथियों के साथ कोटद्वार, दुगड्डा क्षेत्र में सेमिनार आयोजित किये गये। जिसमें कई लोगों ने पैसा लगाया। लोगों को बताया गया कि पैसा विदेश में तेल के कुओं और सोने की खदानों आदि में लगा है। साथ ही एजेन्टो को बताया गया कि आप लोग जितनी आरडी, एफडी करके दोगे आप लोगों को उतना ज्यादा कमीशन मिलेगा।

### नहीं दी गई धनराशि

दुगड्डा ब्रांच में इस वर्ष लोगों की 50 लाख रुपए की धनराशि मैच्योर हो गई। लेकिन इस कंपनी/सोसाइटी द्वारा किसी को अभी तक धनराशि वापिस नहीं दी गई। मामले में पुलिस ने ऋषिकेश आईडीपीएल निवासी उर्मिला बिष्ट, जगमोहन सिंह बिष्ट, कोटद्वार पदमपुर निवासी प्रज्ञा रावत, लैंसडौन गुमखाल निवासी विनीत सिंह, व ऋषिकेश मीरा नगर निवासी गिरीश चंद्र बिष्ट को गिरफ्तार किया है।

# सतर्कता विभाग में सर्विलांस, तकनीकी एवं वित्तीय विशेषज्ञों की होगी टीम गठित

### सीएम धामी ने किया सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार बाईपास रोड स्थित कारगी ग्राण्ट में सतर्कता अधिष्ठान निदेशालय द्वारा 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' पर आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सर्विलांस, तकनीकी एवं वित्तीय विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतर्कता अधिष्ठान में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष लोक प्रशासन को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने के लिए ह्लसतर्कता जागरूकता सप्ताहह्व का आयोजन किया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिस उद्देश्य से यह सप्ताह मनाया जा रहा है, उसकी पूर्ति के लिए सभी पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। ह्लसतर्कता जन-जागरूकता सप्ताह एवं प्रशिक्षण शिविरह्व जनता को उनके अधिकारों के बारे में जागरुक करने और लोक-प्रशासन को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित करने के लिए सभी को सत्य, ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता के साथ कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सतर्कता अधिष्ठान में ऐसे अधिकारियों को भी शामिल किया जाए जिन्हें इस क्षेत्र में विशेषज्ञता हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है। भ्रष्टाचार में जो भी दोषी पाये गये हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की गई है। निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन ने जानकारी दी कि 2022 में टोल-फ्री नम्बर 1064 भी जारी होने के बाद इस पर 7800 शिकायतें दर्ज की गई। सतर्कता विभाग ने पिछले ह्3 वर्षों में 66 ट्रैप किये हैं। 75 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिंहा, ए.पी अंशुमन, पुलिस अधीक्षक सतर्कता श्रीमती रेनू लोहनी एवं सतर्कता विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मुडा स्कैम मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, बेंगलुरु और मैसूर में 9 जगहों पर की छापेमारी

बेंगलुरु, प्रवर्तन निदेशालय ने कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला मामले में बेंगलुरु और मैसूर में 8 से 9 जगहों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिवार और मुडा अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और जमीन की हेराफेरी के आरोपों की बीच हुई है।

मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण को शॉर्ट फॉर्म में रूष्ठ कहते हैं। जब सरकार किसी जमीन का अधिग्रहण करती है तो मुआवजे के तौर पर दूसरी जगह जमीन देती है। पूरा कथित रूष्ठ स्कैम भी इसी से जुड़ा है। ये मामला सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुआवजे के रूप में मिली 14 प्रीमियम साइट से जुड़ा है। 2004 से यह मामला रूष्ठ की ओर से उस समय मुआवजे के तौर पर जमीन के पार्सल के आवंटन से जुड़ा है जब सिद्धारमैया मुख्यमंत्री थे।

ये प्लॉट मैसूर में हैं। आरोप है कि सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती ने रूष्ठ से गैरकानूनी तरीके से जमीन ली। दावा है कि इसमें 4 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।

# एलआईयू कांस्टेबल गंगा में डूबकर लापता

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र के ठोकर नंबर दस बैरागी कैंप में एलआईयू का एक सिपाही सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में डूबकर लापता हो गया। सिपाही के डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जल पुलिस सर्च ऑपरेशन में जुट गई है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह समेत आला अफसर मौके पर पहुंच गए। मायापुर क्षेत्र में एलआईयू का कार्यालय है। कार्यालय में कांस्टेबल के पद पर तैनात 43 वर्षीय तिरपन नेगी सोमवार को ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। कार्यालय स्टॉफ ने उससे संपर्क साधना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका। दोपहर बाद एक युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम को कांस्टेबल के गंगा की मुख्य धारा में डूबकर बहने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एलआईयू के निरीक्षक नीरज यादव, एसओ कनखल मनोज नौटियाल तत्काल मौके पर पहुंच गए।

**कांस्टेबल के दो बेटे—एक बेटी**

मूल रूप से गांगरो तहसील कालसी विकास नगर देहरादून का रहने वाला तिरपन नेगी यहां एलआईयू कार्यालय के बगल में बनी पुलिस बैरक में रहता है। उसका परिवार अपने गांव में ही रहता है। उसके दो बेटे और एक बेटी है। उसका छोटा भाई भी फायर स्टेशन उत्तरकाशी में तैनात बताया जा रहा है।

**गंगा नहाने के लिए पहुंचा था कांस्टेबल**

एलआईयू कांस्टेबल नहाने के लिए गंगा की मुख्य धारा में गया था। मौके पर उसके कपड़े और मोबाइल फोन भी मिला है। जहां वह डूबा है, वहां पानी काफी गहरा है। उसकी तलाश में एसडीआरएफ भी पहुंच गई। एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि कांस्टेबल नहाने के लिए पहुंचा था, यहां बात प्रारंभिक पड़ताल में निकलकर आ रही है। बताया कि तेज बहाव में वह बह गया। गंगा में जल स्तर अधिक है, इसलिए उसे तलाशने में मशक्कत करनी पड़ रही है। जल पुलिस और एसडीआरएफ संयुक्त् स्तर से तलाश में जुटे है।

# बीजेपी, कांग्रेस सहित पांच प्रत्याशियों ने कराया नामाकंन



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन हेतु सोमवार को भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी, पीपीआई (डेमोक्रेटिक) और निर्दलीय सहित 05 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।रिटर्निंग अधिकारी 07-केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन हेतु सोमवार को भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी, पीपीआई (डेमोक्रेटिक) और निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 05 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के नामांकन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी पहुंचे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत, यूकेडी आशुतोष सिंह भंडारी, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान और प्रदीप रोशन रूडिया ने नामांकन दाखिल किया।

### पीएम मोदी ने जीता फुटबॉल फैंस का दिल

वडोदरा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड परिसर में सी–295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने स्पैनिश फुटबॉल का भी जिक्रकिया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान कहा, स्पेन की फुटबॉल को भारत में काफी पसंद किया जाता है। कल रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मैच हुआ और इस पर भारत में भी चर्चा हुई। बार्सिलोना की शानदार जीत यहां भी चर्चा का विषय रही। मैं आपको यह भी बता सकता हूं कि भारत में दोनों क्लबों के प्रशंसकों के बीच उतनी ही हंसी–मजाक हुई, जितनी स्पेन में होती। पीएम मोदी ने स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया, जो विमान क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा।

# वायनाड की जनता ने संविधान को मजबूत करने का काम किया : प्रियंका गांधी



वायनाड, कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज वायनाड में होंगी। वो उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचेंगी। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में वायनाड की जनता को खूब सराहा। कहा कि यहां के लोगों ने लोकतंत्र की भावना को बखूबी समझा है और उसे मजबूत भी किया है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "वायनाड की जनता पहले भी सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़ी हुई है और संविधान की भावना को मजबूत करने का काम किया है। वायनाड के लोग आगे भी संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करते हुए विकास और प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे। जनता का जोश और उत्साह देखने लायक है।" इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने बताया कि वो सोमवार को वायनाड की जनता के साथ संवाद करेंगी। दरअसल, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाया है, जो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद खाली हो गई थी। बता दें कि इससे पहले शनिवार को प्रियंका गांधी ने वायनाड की जनता के नाम एक पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने हाल ही में वायनाड में आई त्रासदी का जिक्र करते हुए लिखा था कि ह्ववायनाड के मेरे प्यारे बहनों और भाइयों। मैं अपने भाई के साथ कुछ महीने पहले चूरामाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने वहां भूस्खलन से हुई तबाही और आपके नुकसान को बहुत करीब से देखा। इस दौरान मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने सभी प्रियजनों को इस तबाही में खो दिया। माताएं अपने बच्चों और परिवारों के लिए दुखी थीं, जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था। फिर भी इस त्रासदी के बीच मुझे जो चीज दिखाई दी, वह था आपका असीम साहस और धैर्य। केरल की वायनाड सीट से प्रियंका के मुकाबले भारतीय जनता पार्टी ने नव्या हरिदास को अपना उम्मीदवार बनाया है। ये भाजपा संसदीय दल की नेता और कोझिकोड निगम में दो बार पार्षद रही हैं और भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव भी हैं।

# लखनऊ: दोषी अफसरों को बचाने वाले जांच अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ, योगी सरकार जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत लगातार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। साथ ही, कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन ले रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जांच अधिकारियों को जांच के दायरे में आने वाले अधिकारी और कर्मचारी की रिपोर्ट को स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित शब्द का उल्लेख न करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने जांच रिपोर्ट में आरोप सही या निराधार पाया गया जैसे स्पष्ट शब्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि दोषी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सीएम ने ऐसा न करने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने हाल ही में सिंचाई एवं जल विभाग की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने विभागीय लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई को नामित जांच अधिकारी द्वारा संस्थित किए जाने वाली रिपोर्ट के बारे में बताया। उन्होंने जांच रिपोर्ट में नामित अधिकारी द्वारा आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित शब्द का प्रयोग किए जाने की बात बताई।

### कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, शब्दों में बदलाव जरूरी : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की। उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट्स को लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए।

# दिल्ली में दीपावली की तैयारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी




नई दिल्ली, दीपावली नजदीक आने के साथ ही दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। राजधानी के बाजारों में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर मार्केट, जो कि शहर का एक प्रमुख और पुराना बाजार है, यहां सुरक्षा उपायों को अत्यधिक सख्त किया गया है। इस मार्केट में रोजाना हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं, और ऐसे में पुलिस की सजगता आवश्यक हो गई है।

मार्केट के मेन गेट पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मचान बनाया गया है, जहां हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाजार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं, जिससे संभावित खतरों को कम किया जा सके।

दिल्ली पुलिस के डीसीपी, एसीपी और एसएचओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी शाम में फुट पेट्रोलिंग भी कर रहे हैं। बाजार के हर कोने में जाकर अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और जहां कहीं कमी दिखाई दे रही है, वहां तुरंत सुधार करने के प्रयास कर रहे हैं। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने कहा कि हमने सभी बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मार्केट में सिर्फ इमरजेंसी वाहनों की ही एंट्री है और प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर बैरिकेडिंग की गई है। हम सभी मार्केटों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मार्केट में गाडियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है, जिससे लोगों को खरीदारी में कोई दिक्कत न हो। यह कदम भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही पुलिस को सुरक्षा निगरानी में आसानी प्रदान करेगा।

## एक नजर

### सीएम आज करेंगे क्रॉस कन्ट्री दौड़ का शुभारम्भ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को देशभर में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महिला एवं पुरुष ओपन ''रन फॉर यूनिटी'' का भी आयोजन किया जाता रहा है। 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम प्रदेश में अब 29 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा।

इस संबंध में सचिव सामान्य प्रशासन विभाग दीपेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार की अपेक्षानुसार सभी प्रमुख सचिव, सचिवों, पुलिस महानिदेशक, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों आदि को प्रेषित पत्र में इससे संबंधित दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। 29 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ''रन फॉर यूनिटी'' के आयोजन से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 29 अक्टूबर को प्रातः 7:20 बजे क्रॉस कन्ट्री दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर पवेलियन ग्राउंड देहरादून से दौड़ का शुभारम्भ करेंगे। खेल विभाग द्वारा आयोजित इस आयोजन में खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, विधायक खजान दास, प्रमुख सचिव खेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किये जायेंगे।

### धनतेरस के लिए सजकर तैयार बाजार

चमोली : धनतेरस के अवसर पर कर्णप्रयाग, सिमली, आदिबदरी, गौचर, लंगासू सहित आसपास के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। बाजारों में आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई है, जो खरीदारों को आकर्षित कर रही है। पटाखों की दुकानों में भी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानों को विशेष रूप से सजाया है और विभिन्न प्रकार की छूट व ऑफर प्रदान कर रहे हैं। बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है, जो धनतेरस के त्योहार की भावना को दर्शा रही है। व्यापारियों का कहना है कि धनतेरस के अवसर पर लोग नए सामान खरीदने के लिए उत्साहित होते हैं, जो उनके व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है। इस वर्ष भी व्यापारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। बाजार में बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और आभूषण, उपलब्ध हैं। स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक भी खरीदारी के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं। (एजेंसी)

### स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर होगी विचार गोष्ठी

नई टिहरी : राज्य निर्माण आंदोलनकारियों ने शहीद स्थल पर बैठक कर कई बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें तय किया गया कि राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आगामी 8 नवंबर को शाम तीन बजे शहीद स्थल पर जुटकर एक विचार गोष्ठी में शामिल होंगे। जिसमें आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जायेगी। बैठक में राज्य निर्माण आंदोलनकारियों ने निर्णय लिया कि राज्य स्थापना की पूर्व संध्या पर एक जुट होकर आंदोलनकारी शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी के माध्यम से प्रदेश की वर्तमान और भविष्य के ज्वलंत मुद्दों पर परिचर्चा की जायेगी। बैठक सोमदत्त उनियाल, राजेंद्र असवाल, सुंदरलाल उनियाल, डा राकेश भूषण गोदियाल, महिपाल नेगी, शान्ति प्रसाद भट्ट, विक्रम बिष्ट, देवेंद्र दुमोगा, महावीर उनियाल, जय प्रकाश पांडे, हरिकृष्ण लांबा, उत्तम तोमर, मुशर्रफ अली, श्रीपाल सिंह चौहान, देवेंद्र नौडियाल, रणवीर सिंह तोपवाल,, मुरारी लाल खंडवाल, पूरण सिंह राणा, मनोहर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### नौनिहालों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

उत्तरकाशी : डाक विभाग के तत्वावधान में बाल शिक्षा सदन स्कूल में दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें स्कूल के नौनिहालों ने प्रतिभाग किया। मालूम हो कि भारतीय डाक विभाग के मुख्यालय नई टिहरी व डाकघर बड़कोट के तहत दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें बाल शिक्षा सदन स्कूल ने छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर परीक्षा पर्यवेक्षक डा. निरीक्षक धीरज रावत, पोस्ट मास्टर ज्ञानेंद्र बिष्ट, सुशील उनियाल, राजेश रावत, प्रबंधक उषा थपलियाल, प्रधानाचार्य कामेश शाह,दीपिका, नितिका, गीता, पलक जैन, कृष्णा, अंशुमान, विजय आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# धनतेरस व दीपावली की तैयारी, सजने लगा कोटद्वार बाजार



कोटद्वार के झंडाचौक में टैंट लगाकर दुकान सजाते व्यापारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : धनतेरस व दीपावली की तैयारी को लेकर कोटद्वार बाजार सजने लगा है। बाजार में दुकानों को मनमोहक तरीके से सजाया जा रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी व्यापारियों को त्योहार में बेहतर व्यापार की उम्मीद है। कई सामान में बेहतर ऑफर दिए जा रहे हैं।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में दीपावली की रंगत दिखने लगी है। धनतेरस को लेकर बाजार में खूब उत्साह रहने वाला है। ऐसे में धनतेरस व दीपावली को लेकर व्यापारियों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को अधिकांश दुकानें बंद रहती है। लेकिन, इस बार सुबह से ही व्यापारी अपने कर्मचारियों के साथ दुकानों को सजाने के कार्य में जुटे हुए थे। यही नहीं दुकानों के बाहर टेंट लगाकर ग्राहकों का स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। ज्वैलर्स की दुकान से लेकर मिठाई की दुकानों में खास व्यवस्थाएं जुटाने का कार्य किया जा रहा है। नजीबाबाद से झंडाचौक, झंडाचौक से बदरीनाथ मार्ग व रेलवे स्टेशन पर सड़क किनारे दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं।

### रुलाने लगा जाम

दीपावली पर फड़ लगाने के लिए सड़कों पर जगह घेरने के लिए दुकानदारों में होड़ लगी हुई थी। ऐसे में लगातार सड़कें संकरी होती जा रही है। आमजन को पैदल चलने तक का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। नतीजा पूरे दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में पुलिस व प्रशासन के समक्ष व्यवस्थाओं को बनाए रखना एक चुनौती बन सकती है।

# दीपावली के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** दीपावली पर्व के मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की स्थानीय शाखा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को दीपावली के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया गया। नजीबाबाद रोड स्थित सुख शांति भवन में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सब इंस्पेक्टर सुमनलता, एडवोकेट अंजलि कश्यप व आरएसएस के रवींद्र नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्र संचालिका बहन बी के ज्योति ने दीपावली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने अंदर के रावण रूपी विकारों को समाप्त कर ही सच्ची दीपावली का आनंद लिया जा सकता है। दीपावली के दिन भले ही हम अपने घर, आंगन की सफाई करते हैं, लेकिन अपने मन और बुद्धि की सफाई नहीं करते। मन और बुद्धि के साफ होने पर ही आत्मज्ञान की प्राप्ति होती है। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर सुमनलता ने आम जन से सावधानी पूर्वक दीपावली मनाने का आह्वान किया। वहीं आरएसएस के रवींद्र नेगी ने विवि की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विवि से जुड़े सभी बी के भाई-बहन मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

# राज्य स्तरीय बेसबॉल में टिहरी बना विजेता

नई टिहरी : राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में टिहरी विजेता और देहरादून की टीम उप विजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। जबकि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी मेडल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रतियोगिता में कुल 8 जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। बौराड़ी स्टेडियम में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय बेसबॉल प्रतियोगिता का भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने समापन करते हुए विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेसबॉल यूरोपियन देशों में काफी लोकप्रिय खेल है। लेकिन अब भारत में भी धीरे-धीरे यह खेल युवाओं को प्रेरित कर रहा है। कहा कि युवा नशे से दूर रहकर खेलों के क्षेत्र में बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से बेसबॉल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने को कहा। कहा कि बौराड़ी स्टेडियम की पानी की निकासी और सुधारीकरण के प्रयास चल रहे हैं। आने वाले समय में खेलों के लिए बौराड़ी स्टेडियम एक अच्छा स्टेडियम बनेगा। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला टिहरी और देहरादून की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें टिहरी की टीम ने देहरादून की टीम को 7-6 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। उत्तरकाशी की टीम तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल मुकाबले में टिहरी ने उत्तरकाशी को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में देहरादून ने हरिद्वार की टीम को 9-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी का प्रथम पुरस्कार टिहरी के आकाश, दूसरा देहरादून के सौरभ पांडे को दिया गया। इस मौके जिला समाज कल्याण अधिकारी किशन चौहान, पूर्व प्रमुख मस्ता सिंह नेगी, सोहन चौहान, यजुवेंद्र चौहान, चक्रधर भद्री, कपूर कुमाईं, बीरूमल, सोहन नेगी, राकेश आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### समन्वय समिति के जिला प्रभारी बनें कुलदीप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रदेश में चल रहे मूल निवास, भू-कानून आंदोलन को तेजी देने के उद्देश्य से मूल निवास भू-कानून समंवय संघर्ष समिति ने पौड़ी जिले के प्रभारी के रूप में व्यापार सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई को जिम्मेदारी दी है। नवनियुक्त जिला प्रभारी कुलदीप गुसांई ने कहा पौड़ी जिला उत्तराखंड राज्य आंदोलन की जननी रहा है और मूल निवास भू-कानून को लेकर यहां की जनता निश्चित ही आंदोलन को तेजी देने का काम करेगी। कहा कि जल्द ही पौड़ी जिले में स्वाभिमान महारैली का आयोजन किया जाएगा। मूल निवास समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने सोमवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सरकार जनता की मांग को लगातार अनसुना कर रही है, जो की जनता के विश्वास के साथ छलावा है। कहा कि मूल निवास, भू-कानून समंवय संघर्ष समिति जनता की भावनाओं के अनुरूप प्रदेशव्यापी आंदोलन करती रहेगी और आंदोलन को और भी तेजी देने के उद्देश्य से पौड़ी जिले के प्रभारी के रूप में कुलदीप गुसांई को नियुक्त किया गया है। समिति के सह संयोजक लुशून टोडरिया ने कहा कि कुलदीप गुसांई निश्चित ही समवंय संघर्ष समिति के अनुरूप पौड़ी जिले में आंदोलन को तेजी देंगे।

# अर्जुन और प्रफुल हाउस ने जीते मैच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित पांच दिवसीय शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता आईएचएमएस ऑलंपियाड-2024 के तीसरे दिन क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमखम दिखाया।बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कालेज के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच गंभीर हाउस और प्रफुल हाउस के बीच हुआ। जिसमें पहले बैटिंग करते हुए गंभीर ने निर्धारित आठ ओवरों में 54 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरा प्रफुल हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में गोपाल हाउस के गेंदबाजों के सामने अजुर्न हाउस के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और पूरी टीम मात्र 27 रन पर ऑल आउट हो गई। वहीं बैडमिंटन डबल्स बालक वर्ग में प्रफुल हाउस ने प्रथम, गंभीर ने द्वितीय और गोपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गंभीर पहले, गोपाल दूसरे और प्रफुल हाउस तीसरे स्थान पर रहा। मैच का आंखों देखा हाल सिद्धांत नौटियाल ने सुनाया, अंपायर और रेफरी की भूमिका प्रांजल रावत, अनुज नेगी, राहुल गुसाईं, दिलवर रावत, अनुराग नेगी, विजेंद्र रावत और शिवप्रकाश चमोली ने निभाई। इस अवसर पर कालेज के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. अश्वनि शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, क्रीड़ा समन्वयक पंकज कुकरेती, सहित संस्थान के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमका हाथी, खूब मचाया उत्पात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन दिनों हाथी की धमक बढ़ गई है। जंगल से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच रहे हाथी राहगिरों के लिए चुनौती बन रहे हैं। सोमवार को हाथी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचकर खूब उत्पात मचाया। जगह-जगह राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेड़ टूटे हुए थे।

पिछले कुछ माह से कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य हाथियों की धमक बढ़ रही है। दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन हाथियों की धमक बनी रहती है। लेकिन, इन दिनों यह धमक अधिक बढ़ गई है। अचानक जंगल से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच रहे हाथी कब किसकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। सोमवार सुबह हाथियों ने जगह-जगह उत्पात मचाकर पेड़ गिरा दिए थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। वाहन चालकों को करीब दो घंटें तक जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों को कटवाकर राष्ट्रीय राजमार्ग से हटवाया।



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथी द्वारा गिराया गया पेड़

### ग्रामीणों ने दी तालाबंदी की चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत पैण्डला के गांव में बीते 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीणों ने जल संस्थान विभाग में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। सोमवार को ग्राम प्रधान पैण्डुला सुनय कुकशाल ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि हडिम की धार समूह पेयजल योजना से ग्राम लूसी, पंकोला, पिपोला, एडेली आदि गांव में बीते 15 दिनां से पेयजल आपूर्ति ठप होने 80 परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि अमरोली गांव में बीते डेढ़ माह से पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। ग्रामीण अपने निजी खर्चे पर टैंकरों से पानी मांगा रहें हैं। बताया कि पूर्व में अमरोली गांव में पानी नहीं आ रहा था, लेकिन अब पूरी ग्राम पंचायत को पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इससे पूर्व भी स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन प्रेषित किया गया था, बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नही लाई गयी है। बताया कि अभी तक सड़क पर क्षतिग्रस्त पड़ी पानी की लाइनों को अभी तक नहीं जोड़ा गया है। जिससे विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कहा कि यदि जल्द से पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होती है तो ग्रामीण 10 नवम्बर को जल संस्थान में तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन करने को विवश होगें। (एजेंसी)

# बसपा के जिला मंहामंत्री ने थामा उक्रांद का हाथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम चुनाव से पूर्व बसपा के जिला महामंत्री राकेश भट्ट ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस दौरान सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया।

सोमवार को संगठन की बैठक आयोजित की गई। दल के संरक्षक डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ग्रास रूट एक्शन प्लान पर कार्य कर रहा है। जिसमें स्थानीय निकाय और पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य चल रहा है।

उन्होंने कहा कि दल चुनाव में सक्रिय भाग लेकर जमीनी राजनीति में मजबूती लाने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने महानगर कार्यकारिणी का विस्तार किया। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी जनार्दन ध्यानी, महामंत्री भारत मोहन काला को बनाया गया। जसपाल सिंह चौहान, राकेश मोहन भट्ट व उम्मेद सिंह भंडारी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। मदन सिंह बिष्ट को पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ व विजय पाल सिंह को अनुसूचित प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया। इस बैठक पर केंद्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज, केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, विजय चौधरी, आरपी पंत, ओमप्रकाश सेलवाल, भारत मोहन काला, मदन सिंह बिष्ट, जसपाल चौहान, राकेश भट्ट, उमेद सिंह भंडारी, मोहम्मद शहजाद आदि मौजूद रहे।




उक्रांद की सदस्यता ग्रहण करते सदस्य

# डीएम ने किया डेढ़ दर्जन से अधिक विभागों का स्पष्टीकरण तलब

### जिला योजना में शामिल कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला योजना में न्यून वित्तीय एवं भौतिक प्रगति वाले डेढ़ दर्जन से अधिक विभागों को स्पष्टीकरण तलब करते हुए स्पष्ट किया कि आगामी माह नवम्बर में होने वाली बैठक से पूर्व प्रगति नहीं लाने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सोमवार को आयोजित जिला योजना की बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने धीमी वित्तीय व भौतिक प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला योजना में शामिल कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय अक्टूबर माह के अंत तक जिला योजना में केवल 29 प्रतिशत की प्रगति चिंताजनक है। गौरतलब हो कि जिला योजना के तहत आवंटित 113 करोड़ 93 लाख की धनराशि में से 33 करोड़ धनराशि खर्च की गयी है, जो कि आवंटित धनराशि का 29 प्रतिशत है। बीस सूत्री कार्यक्रम में ग्रुप सी व डी में शामिल विभागों की 10 मदों पर धीमी प्रगति को लेकर स्वास्थ्य व बाल विकास के अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम में माह अगस्त 2024 तक जनपद पौड़ी गढ़वाल तीसरे नम्बर पर था। कहा कि स्थिति को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य, बाल विकास व सिंचाई विभाग को मिशन मोड़ पर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश चंद गुणवंत, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम सलोने, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, ईई लघु सिंचाई पौड़ी मुकेश दत्त, ईई लोनिवि निर्माण खण्ड पौड़ी दिनेश बिजल्वाण, ईई पीएमजीएसवाई कोटद्वार एसके ममगंई, ईई लोनिवि बैजरो लोकेश सारस्वत, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# बैकुंठ चतुर्दशी मेले का मुख्यमंत्री धामी और कैबिनेट मंत्री अग्रवाल करेंगे शुभारंभ

श्रीनगर गढ़वाल : ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध बैकुंठ चतुर्दशी मेले को लेकर रविवार देर शाम कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने नगर निगम सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मंत्री डॉ. रावत ने बैकुंठ मेले को भव्य एवं दिव्य बनाएं जाने को लेकर कार्यक्रमों के लिए 30 कमेटियां गठित करने को कहा। जिससे मिले को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप दिया जा सके। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेले में स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा दिए जाने और अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाने को लेकर अधिक मौका दिया जाएगा। कहा कि 14 नवम्बर को लगने वाला बैकुंठ चतुर्दशी मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेले में धारी देवी और कमलेश्वर मंदिर को आपस में जोड़ने के लिए ठोस योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्रीनगर एवं नगर आयुक्त नूपुर वर्मा, एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पौड़ी संपत रावत, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सीएमएस रावत, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धीरवान, वासुदेव कंडारी, जितेंद्र रावत, गणेश भट्ट, डॉ. सुधीर जोशी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम ने बचाई गौ माता और बछड़े की जान

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नगर पालिका क्षेत्र में पांच माह से निरंतर पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम का स्वच्छता सफाई अभियान में जारी है। पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम स्वच्छता अभियान के तहत पशुओं की भी सुरक्षा जिम्मा उठाया है। सोमवार को पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम ने गड्ढे से गौ माता और बछड़े को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

सोमवार को अस्पताल मोहोला में एक प्रसूता गाय बहुत बड़े गहरे गड्ढे में गिर गई, जैसे ही इसकी सूचना पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम को मिली। पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम समय न गंवाते हुए मौके पर पहुंची। वहां गड्ढे में गिरी गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया हुआ था। पुष्प वाटिका मातृशक्ति ने गौ माता और उसके बछड़े की गड्ढे से निकालकर जान बचाकर मानवता का परिचय दिया। पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम की संयोजिका राज्य आंदोलनकारी बीरा भंडारी ने बताया कि उन्हें अपनी मातृशक्ति टीम पर गर्व है। कहा कि उनकी टीम स्वच्छता ही सेवा के साथ पशु सेवा करने के लिए भी तत्पर रहती है। फिलहाल गाय माता को अस्पताल की बिल्डिंग के पास रखा गया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ पशुपालक दूध पीकर गौ माता को मरने के लिए छोड़ देते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मंगलवार तक गाय स्वामी अपनी गाय को घर नहीं ले के जाता है तो हमें मजबूरन इस गौ माता को गौ धाम में छोड़कर आना पड़ेगा, ताकि उसकी सही से देखभाल हो सके।



पुष्प वाटिका मातृशक्ति टीम गौ माता और बछड़े को सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए।

### पालिका का हाउसहोल्ड सर्वे जारी

उत्तरकाशी : नगर पंचायत नौगांव के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का शहरी विकास निदेशालय की ओर से थर्ड पार्टी सर्वेक्षण कराया जा रहा है। नौगांव नगर पंचायत में शिवालिक एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर एंड ह्यूमन रिसोर्स ग्रुप के तत्वावधान में किए जा रहे सर्वे के तहत सर्वे टीम घर-घर जाकर नगर के अलग-अलग वार्डों की सफाई व्यवस्था के बारे में लोगों से जानकारी ले रही है। टीम लीडर नरेश नौटियाल और कीर्ति विजय रावत ने बताया कि नगर पंचायत नौगांव के सभी सात वार्डों का सर्वे हाउसहोल्ड स्तर पर किया जा रहा है।


**।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।**

**पत्रांक :- 2316/कर अनु0/भव0ना0/2024-25** **दिनांक :- 28.10.2024**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 141 पटले मार्ग पुराना वार्ड नं0 9 | श्री वीरेन्द्र कुमार बहुखण्डी | श्रीमती राधा बहुखण्डी एवं श्री आशीष बहुखण्डी पत्नी एवं पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार बहुखण्डी | उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।
(0522/51)

# त्योहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्योहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली वंदे भारत त्योहार विशेष | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ वंदे भारत त्योहार विशेष | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली तेजस त्योहार विशेष | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरु, रवि, बुध | 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 31.10.24 तक |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | बुधवार एवं सोमवार | 30.10.24 एवं 04.11.24 |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 02.11.24 तक |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं रविवार | 29.10.24 एवं 03.11.24 |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 03.11.24 को |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## यूपीसीएल ने किया दावा.. यूरोप की तर्ज पर विकसित होगा दून शहर में पॉवर सप्लाई सिस्टम

देहरादून। दून शहर में बिजली लाइनों का सप्लाई सिस्टम यूरोप की तर्ज पर विकसित करने का यूपीसीएल की ओर से दावा किया गया। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने दावा किया कि बिजली लाइनों के अंडरग्राउंड होने के बाद दून में भी यूरोप की तर्ज पर बिजली लाइनों का नेटवर्क विकसित हो जाएगा। एमडी अनिल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से एडीबी से बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किए जाने का प्रोजेक्ट आज धरातल पर उतरने जा रहा है। देहरादून शहर की प्रमुख सड़कों में बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड किए जाने का काम शुरू हो गया है। हर दिन की प्रगति का ब्यौरा अपडेट रखा जा रहा है। मौके पर होने वाले कार्यों का साइट निरीक्षण भी हो रहा है। पहले चरण के कार्य के लिए निदेशक परिचालन की देखरेख में शहर को तीन लॉट में बांटा गया है। लॉट वन में देहरादून सेंटर, उत्तर डिवीजन, लॉट दो में दक्षिण डिवीजन, लॉट तीन में रायपुर, मोहनपुर के क्षेत्रों को लिया गया है। सभी लॉट के क्षेत्रीय दलों द्वारा सर्वे एवं संयुक्त सर्वे का काम पूरा करने के बाद रोड कटिंग की मंजूरी लेकर लाइनों को अंडर ग्राउंड किए जाने का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। यहां होंगी बिजली लाइनें अंडरग्राउंड: रामाडा होटल से बल्लुपुर चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक, लक्खीबाग से ग्राफिक एरा चौक, कमला पैलेस से निरंजनपुर चौक, शिमला बाईपास से सैंट जूड चौक, विधानसभा, कैलाश अस्पताल, कोरेनेशन अस्पताल, बसन्त विहार, रिस्पना चौड़ी हो जाएंगी सड़कें: एमडी अनिल कुमार ने बताया कि बिजली लाइनों को अंडर ग्राउंड किए जाने का काम तेजी से पूरा किया जाएगा। हर दिन काम पूरा होने के बाद गड्ढों, नाली की नियमित भरान किया जाएगा। बिजली लाइनों के अंडर ग्राउंड होने से सड़कें चौड़ी हो जाएंगी।रखरखाव का खर्चा होगा काम : लाइनों के अंडर ग्राउंड होने से रखरखाव का खर्चा कम हो जाएगा। तेज हवा, बारिश, पेड़ की टहनियां गिरने से सप्लाई बाधित नहीं होगी। लाइन लॉस कम होगा। दुर्घटना का खतरा कम होगा। करंट लगने की घटनाओं में कमी आएगी।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चार नवंबर को सचिवालय घेराव

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा चार नवंबर को सचिवालय का घेराव करेगा। परेड ग्राउंड से सचिवालय तक रैली निकाली जाएगी। मोर्चा की सोमवार को हुई बैठक में कर्मचारियों से बड़ी संख्या में दून में जुटने का आह्वान किया गया। लोक निर्माण विभाग संघ भवन में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा किसी भी प्रकार से केंद्र सरकार की नई यूपीएस पेंशन स्कीम को लागू नहीं होने देगा। एनपीएस और यूपीएस के विरोध में चार नवंबर को सचिवालय का घेराव किया जाएगा। अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों के खिलाफ पूंजीपतियों की एक बड़ी साजिश है। इससे सरकार को कोई लाभ नहीं है। प्रदेश महामंत्री सीता राम पोखरियाल ने कहा कि अब पुरानी पेंशन को लेकर आर पार की लड़ाई का समय आ गया है। बैठक में संजय नेगी, मुकेश ध्यानी, सुभाष रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

इन्होंने दिया आंदोलन को समर्थनराष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सचिवालय घेराव महारैली को कई कर्मचारी संगठनों ने समर्थन दिया। समर्थन देने वालों में राजकीय शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री रमेश पैन्यूली, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सजवाण, मिनिस्ट्रियल फेडरेशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल, महामंत्री मुकेश बहुगुणा, उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र बछेती, महामंत्री विक्रम कुमार टम्टा, उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग के महामंत्री रमेश दत्त नौटियाल, राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौहान, कर्मचारी सर्विस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय बिजलवान, महामंत्री महादेव मैठाणी ने समर्थन दिया।

## सम्पादकीय

### निजी साख पर केदारनाथ चुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को लेकर स्थिति साफ हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से मनोज रावत और भाजपा की तरफ से आशा नौटियाल को टिकट दिया गया है जिन्होंने अपना नामांकन भी भर दिया है। दोनों ही नेता पूर्व में विधायक रह चुके हैं और पार्टी की साख के साथ उनकी अपनी निजी गरिमा भी इस चुनाव में दांव पर लगी हुई है। दोनों ही पार्टियों ने कई दावेदारों के बीच अपने नाम फाइनल किए हैं लिहाजा जिन्हें टिकट नहीं मिले उनमें थोड़ी नाराजगी होनी स्वाभाविक है लेकिन अब यह काम दोनों पार्टियों के उन शीर्ष नेताओं का है कि वह किस प्रकार से संगठनात्मक तौर पर असंतुष्ट दावेदारों को पार्टी हित के लिए तैयार करते हैं। हालांकि यह तो पहले से ही स्पष्ट था कि कांग्रेस से मनोज रावत बाजी मार ले जाएंगे लेकिन भाजपा में जरूर दावेदारी को लेकर थोड़े कशमकश नजर आ रही थी। मनोज रावत और आशा नौटियाल दोनों ही केदारनाथ क्षेत्र के लिए जाने पहचाने नाम है और दोनों का क्षेत्र में मतदाताओं के बीच अच्छा प्रभाव रहा है। यहां आशा नौटियाल को भाजपा के बैनर का लाभ मिलने से इनकार नहीं किया जा रहा है तो वहीं मंगलौर एवं बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में जीत से उत्साहित कांग्रेस इस बार मनोज रावत की जीत को निश्चित माने बैठी है। मुकाबला निश्चित तौर पर बेहद रोमांचक होने वाला है क्योंकि जहां कड़े मंथन के बाद दोनों प्रत्याशियों का नाम चयनित किया गया है तो वहीं दोनों पूर्व विधायकों के लिए एक बार फिर अपनी पारी को दोहराने की चुनौती भी है। भाजपा के लिए बद्रीनाथ हार को पचा पाना काफी मुश्किल रहा है और यदि केदारनाथ में भी वैसे ही हालत हुई तो इसका नकारात्मक संदेश हाईकमान तक भी जाएगा। वहीं कांग्रेस दोनों उपचुनावों से बेहद उत्साहित है। बात करें मुद्दों की तो ऐसा कोई खास मुद्दा दोनों ही पार्टियों के पास नहीं है जो मतदाताओं को रिझाने के लिए वजनदार साबित हो। स्थानीय मुद्दों को लेकर ही दोनों उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं, लिहाजा यह माना जा सकता है कि केदारनाथ में चुनाव मुद्दों से ज्यादा व्यक्तिगत छवि और साख पर लड़ा जा रहा है। मनोज रावत एवं आशा नौटियाल पिछली विधानसभा चुनाव में भी टिकटों के दावेदार रहे थे और इस बार उनके लिए एक बार फिर क्षेत्र में खुद को साबित करने के लिए बड़ा अवसर सामने खड़ा है।

# राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने किये बदरीनाथ के दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह सोमवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भगवान बदरी विशाल से राज्य, देश और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हेलीकॉप्टर से प्रातः 11 बजे बदरीनाथ पहुंचे। बदरीनाथ हेलीपैड पर पुलिस के जवानों ने मा. राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिसके बाद उन्होंने बद्रीनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने माणा गांव की स्थानीय महिलाओं से भी मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। उन्होंने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत हो रहे कार्यों को लेकर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से बद्रीनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप सामने आने लगा है। उन्होंने मास्टर प्लान के कार्यों और बदरीनाथ यात्रा के



सुचारू संचालन के लिए मंदिर समिति के साथ ही स्थानीय लोगों को आभार व्यक्त किया। बीकेटीसी कार्यालय में उन्होंने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से यात्रा व्यवस्थाओं के साथ मास्टर प्लॉन के कार्यों की जानकारी लेते हुए यात्री सुविधाओं के विकास के लिए सरकार की ओर से संचालित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मान. राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के अंतिम चरण में श्रद्धाओं की संख्या बढ़ रही है। जिसे देखते हुए दर्शनों के साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। बदरीनाथ मास्टर प्लान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि धाम में प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सालय भवन, टूरिस्ट मैनेजमेंट सेंटर, सिविक एमनिटी सेंटर और रिवर फ्रंट के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। साथ ही कहा कि माणा गांव को वाइब्रेंट विलेज के रुप में चयनित किया गया है। जिसके तहत सीमांत गांव को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से संतृप्त करने का कार्य किया जा रहा है। बदरीनाथ यात्र मार्ग की जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा मार्ग पर कमेड़ा, चटवापीपल और पगलनाला पर हो रही परेशानियों के स्थाई समाधान के लिये योजनाओं को लेकर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पवार, एसडीएम चमोली आरके पांडे, एसडीएम ज्योतिर्मठ चन्द्रशेखर वशिष्ठ, पर्यटन अधिकारी बृजेंद्र पांडे, सीईओ विजय प्रसाद थपलियाल सहित यात्रा से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाबा केदार के दर पर पहुंचे उत्तराखंड राज्यपाल गुरमीत सिंह

रूद्रप्रयाग : उत्तराखण्ड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सोमवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार का रूद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के साथ ही विश्व जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। एक दिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने वीआईपी हेलीपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर केदारनाथ आगमन पर स्वागत किया। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद राज्यपाल तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले, साथ ही तीर्थ पुरोहित एवं पुजारियों द्वारा उनका रूद्राक्ष एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया एवं पूजा अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खडे श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि हम आज बाबा केदार की पवित्र धरती पर मौजूद हैं तथा हमें उनके दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा अपनी अंतिम चरण में है तथा इस यात्रा में अब तक लगभग 43 लाख श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन कर लिये हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, अमित श्रीवास्तव एडीसी राज्यपाल, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ विकास प्राधिकरण योगेन्द्र सिंह, मुख्य पुजारी शिवशंकर लिंग, संजय तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी सुरक्षा बल एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की शुभकामनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भैयादूज की शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरी की पूजा का पर्व है। भगवान धन्वंतरी हम सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें इसकी उन्होंने कामना की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली के पावन पर्व को सुख, समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक बताते हुए सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# अपूर्ण योजनाएं जल्द होगी पूरी, मिसिंग लिंक फंड के तहत पूरे किए जाएंगे प्रोजेक्ट्स

### मुख्य सचिव ने सचिव वित्त को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** अनुमोदित प्रस्तावों पर शासनादेश जारी करने में विलम्ब पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सम्बन्धित अधिकारियों को इस सम्बन्ध में तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सीएस श्रीमती रतूड़ी ने मिसिंग लिंक फंड के तहत जिन विभागों में प्रस्ताव डीपीआर, टीएसी या डीएफसी स्तर पर लम्बित हैं, उनकी प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में मिसिंग लिंक से पोषित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मिसिंग लिंक द्वारा फंडिंग किए जाने पर सहमति बनी। मुख्य सचिव



ने सचिव वित्त को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए, ताकि बजट जारी कर अधूरी योजनाओं को पूरा किया जा सके। मिसिंग लिंक फंडिंग पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि मिसिंग लिंक फंडिंग अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का स्वर्णिम अवसर है। इस सम्बन्ध में सभी विभाग अपने स्तर पर ऐसी आधी-अधूरी योजनाओं का गंभीरता से आंकलन करे, फील्ड ऑफिसर्स से भी जानकारी ली जाए। सभी विभागों को योजनाओं की ऑनरशिप लेते हुए कार्य करने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव ने योजनाओं की स्वीकृति व क्रियान्वयन में प्रक्रियाओं की स्पष्टता व सरलीकरण के निर्देश भी दिए है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि पूर्व में स्वीकृत प्रस्तावों की प्रगति भी पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर नियमित अपलोड की जाए। पीएम गतिशक्ति में इन प्रोजेक्ट्स की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाती है। अधिकारियों विशेषरूप से सचिवों की अनुपस्थिति में पत्रावली सम्बन्धित शासकीय कार्यों में विलम्ब न हो इस पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी इस सम्बन्ध में समाधान हेतु किसी भी समय तत्काल मुख्य सचिव से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को शासकीय कार्यों में तत्परता से कार्य करने की संस्कृति विकसित करने की नसीहत दी। मिसिंग लिंक के तहत ऐसे प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाती है जिन्हें जनपदों में किसी भी योजना के तहत फंडिंग नही हो पाती, ऐसे प्रोजेक्ट्स को मुख्य सचिव कोष से फंडिंग की जाती है। बैठक में सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम सहित वित्त, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, उद्यान विभाग, ऊर्जा के अपर सचिव तथा वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी चंपावत मौजूद रहे।

## राज्य स्थापना की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने सोमवार को राज्य स्थापना दिवस समारोह 2024 की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सुझाव मांगते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य शिविर व विभागीय स्टाल भी लगाये जायें। डीएम ने कहा कि जनपद मुख्यालय में पीआईसी बौराड़ी में इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बैठक में सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम केके मिश्रा, सीएमओ डा. श्याम विजय, एसटीओ एमके पाण्डेय, डीडीओ मोहम्मद असलम, पीडी डीआरडीए पीएस चौहान, एसडीएम संदीप कुमार, सीओ ओसिन जोशी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## सड़क समय पर नहीं बनी तो दर्ज किया जाएगा केस: डीएम

देहरादून। डीएम सविन बंसल ने सड़क निर्माण से जुड़े विभाग और एजेंसियों की बैठक ली। डीएम ने हिदायत दी कि यदि तय समय पर सड़कें नहीं बनाईं तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही मशीनें और उपकरण जब्त किए जाएंगे। उन्होंने जनता की सुविधा को देखते हुए रात दस से सुबह पांच बजे तक निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यस्थल पर बैरिकेडिंग और सुरक्षा इंतजाम करने को कहा। साथ ही निर्माण कार्मिकों को रिफलेक्टर ड्रेस पहनने के निर्देश दिए। बैठक में रोड कटिंग के लिए रिलायंस जीयो को कार्यों के लिए 15 दिन, पेयजल, यूयूएसडीए, गेल और यूपीसीएल को सशर्त 21 दिन की अनुमति दी गई। डीएम ने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं शर्तें पूरी करें और पुराने कार्यों का पूर्ण होने का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे तो मौके पर अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यूयूएसडीए को निर्देशित किया दून यूनिवर्सिटी, मोथोरोवाला, कैनाल रोड पर जहां कार्य पूर्ण हो गया है, वहां का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। कहा कि बिना अनुमति निर्माण करने पर उपकरण जब्त करने के साथ ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## अविलंब छात्रसंघ चुनाव की घोषणा करे सरकार: आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने छात्र हित में तत्काल छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रसंघ चुनाव पर अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए अविलंब छात्रसंघ चुनाव की घोषणा करे। जिससे प्रदेश की छात्र शक्ति को उसका हक और अवसर मिल सके। सोमवार को मीडिया को जारी बयान में आर्य ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव युवाओं की नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। छात्र राजनीति ही ऐसी कड़ी है, जिससे युवा राजनीति कि पौध तैयार होती है,

# फ्राम द पेन ऑफ सर्जनस पुस्तक का हुआ लोकार्पण

### पद्म श्री डॉ. संजय एवं डॉ. गौरव संजय ने लिखी है फ्राम द पेन ऑफ सर्जनस पुस्तक

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** पद्म श्री डॉ. बी.के.एस. संजय एवं ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय द्वारा लिखित ह्लफ्रॉम द पेन ऑफ सर्जनसह्न पुस्तक का केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ह्लनिशंकह्न एवं केंद्रीय सड़क एवं परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा भारत के प्रथम लेखक गांव में लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक के लेखकों ने बताया कि भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य हर व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकताएं है। जिनके महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करने की आवश्यकता हैं। पुस्तक के लेखकों का मानना है कि परिवर्तन एक सार्वभौमिक नियम है और



किसी भी परिवर्तन के लिए विचारों को बदलने की आवश्यकता है। पुस्तक ज्ञान और विचारों को बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्हें आशा है कि यह पुस्तक भी लोगों के विचारों को बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी। इस पुस्तक की भूमिका लाल बहादुर शास्त्री अकादमी, मसूरी के पूर्व निदेशक एवं इतिहासकार आई.ए.एस. डॉ. संजीव चोपड़ा एवं संदेश राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी द्वारा लिखा गया है। इस मौके पर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के निदेशक स्वामी चिदानंद सरस्वती जी, उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूडी, संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष तनेजा, टेगौर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म में युवक को बीस साल की कठोर कैद

हरिद्वार। विशेष पोक्सो जज/अपर जिला जज/एफटीएस सी चंद्रमणि राय की अदालत ने किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में दोषी युवक को बीस साल के कठोर कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 18 जुलाई 2020 को कोतवाली नगर क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की चाय की दुकान पर जा रही थी।

काफी देर तक पीड़िता चाय की दुकान पर नहीं पहुंची थी। तब उसके पिता ने पीडृता को तलाश करना शुरु किया। काफी देर बाद पता चला था कि लड़की को आरोपी राकेश कुमार बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर गया है। इसके बाद पीडृति लड़की के पिता ने आरोपी राकेश कुमार पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम बिंगी जिला सुल्तानपुर, यूपी के खिलाफ संबधित धाराओं में केस दर्ज कराया था।

# धर्मानंद सेमवाल बनें गंगोत्री समिति के अध्यक्ष

उत्तरकाशी : विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में सोमवार को श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रावल धर्मानंद सेमवाल को मंदिर समिति का अध्यक्ष एवं सुरेश सेमवाल को सचिव नियुक्त किया गया। वहीं नव निर्वाचित कार्यकारिणी की देख-रेख में आगामी दो नवम्बर को गंगोत्री धाम के कपाट विधिवत रूप से देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जायेंगे।

सोमवार को नायब सहसीलदार भटवाड़ी अर्पिता की देखरेख में गंगोत्री मंदिर परिसर में गंगा तीर्थ पुरोहितों की एक आम सभा आयोजित की गई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसमें सर्व प्रथम मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के पांच थोकों से दो-दो सदस्य मंदिर समिति के निर्वाचन के लिए गए। जिसके बाद श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से धर्मानंद सेमवाल को मंदिर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि सुरेश सेमवाल को पुनः सर्व सम्मति से मंदिर समिति का सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी में संयोजक पद पर चंडी प्रसाद सेमवाल, उपाध्यक्ष पद पर अरूण सेमवाल, कोषाध्यक्ष सुशील सेमवाल व अभिषेक सेमवाल, सह सचिव जय कृष्ण सेमवाल, प्रदीप सेमवाल सोना खजांची, सुनील सेमवाल चांदी खजांची, प्रेम प्रकाश सेमवाल कंडा प्रभारी, सतीश सेमवाल स्वतंत्र प्रभार, संतोष सेमवाल खाद्यान प्रभारी बनाया गया।

## दीपावली पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्कूलों बच्चों को दिया उपहार

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीपावली के उपलक्ष्य में अपनी विधायक निधि से स्वीकृत निधि वर्ष 2024 – 25 से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के 11 वाडो की 47 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मसूरी आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए पठन पाठन एवं खेल सामग्री वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु पठन पाठन एवं खेल सामग्री पर आधारित विडियो का विमोचन भी किया। अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और शिक्षा के बिना किसी भी देश या समाज का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए हमने अपनी मसूरी विधानसभा के 47 आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों को खेल और पढ़ने–लिखने की सामग्री देने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे देश का भविष्य हैं और इन्हें सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का "बढ़ेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया" नारा तब ही साकार होगा जब हमारे ये बच्चे पढ़ाई में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे हमारी सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को निःशुल्क पठन सामग्री, खेल सामग्री, वाटर बॉटल, टिफिन बॉक्स, और अन्य ज़रूरी सामग्री देने का निर्णय किया है।

## केदारनाथ विस क्षेत्र में धरना देंगे अतिथि शिक्षक

देहरादून। माध्यमिक अतिथि शिक्षकों ने समस्याओं का निराकरण नहीं होने और आंदोलन की चेतावनी दी है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती तो रुद्रप्रयाग के अतिथि शिक्षकों सहित सभी अतिथि शिक्षक केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। सोमवार को मीडिया को जारी एक बयान में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष जोशी ने कहा कि माध्यमिक अतिथि शिक्षको को अल्प वेतन में कार्य करते हुए नौ साल से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अभी तक राज्य सरकार की ओर से अतिथि शिक्षकों को वेतन वृद्धि और भविष्य सुरक्षित करने के लिए कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नही होगा बर्दाश्त, भूमि खुर्दबुर्द की शिकायतों पर त्वरित करें कार्यवाही : डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 86 शिकायत प्राप्त हुई। आज प्राप्त शिकायतों में अधिकत्तर शिकायत भूमि विवाद, अवैध अतिक्रमण, आपसी विवाद, सहित शिक्षा, विद्युत, एमडीडीए, नगर निगम जलसंस्थान, जिला पंचायतीराज आदि विभागों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर संबंधित उप जिलाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए समयबद्ध कृत कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विकानगर क्षेत्र अंतर्गत क्लासिक बार के समीप डॉक्टरगंज ग्राम पंचायत नवाबगढ़ में भू माफिया द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विकासनगर को त्वरित कार्रवाई करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**जिलाधिकारी के महत्वपूर्ण निर्देश:**

– महिला एवं वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें अधिकारी।

– जनता दर्शन/जनसुनवाई प्राप्त शिकायतों को गंभीरता के साथ समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी।

– जनसुनवाई में ग्राम ठारण कुनवा में पेयजल योजना से संयोजन न करने की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता पेयजल को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

– मौजा चक रायपुर परगना परवाजून तहसील सदर में रास्ते पर अवैध कब्जा करने की शिकायत, ग्राम छमरोली में ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियों द्वारा कब्जा करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्रवाई के निर्देश दिए।

– हुवाला माफी में भू माफियाओं द्वारा सरकारी भूमि खुर्द बुर्द करने तथा स्थानीय काश्तकारों को धमकाने परेशान करने की शिकायत एसडीएम सदर को त्वरित कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

– ग्राम बायला चकराता निवासी महिला द्वारा शिकायत की कि उनके द्वारा ईस्टहॉपटाउन में भूमि क्रय कर अन्य व्यक्ति को देखभाल हेतु दी गई अब वह व्यक्ति भूमि पर अपना हक जता रहा है तथा मारपीट कर रहा है, जिस पर एसडीएम विकासनगर को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

– विधानसभा चकराता अंतर्गत त्यूणी तहसील में जवाहर नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाने के अनुरोध पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन उग्र, छात्र ने पेट्रोल छिड़क लगाई आग, अस्पताल में भर्ती

### मची अफरा-तफरी, पुलिस प्रशासन के फूले हाथ-पांव

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा में छात्रसंघ चुनाव की मांग कर रहे छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया है। अल्मोड़ा में सोमवार को उस समय पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए जब छात्रसंघ अध्यक्ष के प्रत्याशी छात्र ने आत्मदाह का प्रयास करते हुए अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

दरअसल एसएसजे परिसर के एक छात्र के द्वारा सोमवार को आत्मदाह की धमकी दी गई थी जिसके मद्देनजर पुलिस बल गांधी पार्क और आसपास के इलाके में मामले की गंभीरता को देखते हुए तैनात था और आत्मदाह की धमकी देने वाले छात्र को पुलिस ने चौघानपाटा पहुंचते ही दबोच लिया। लेकिन इस दौरान दो छात्रों ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल दिया और एक छात्र ने अपने ऊपर आग लगा दी जिसे चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बता दें कि अल्मोड़ा परिसर में छात्रसंघ चुनाव का मामला तूल पकड़ता जा रहा है और यहां स्थिति एकदम भयावह हो गई। बीते कुछ दिनों से छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र आंदोलनरत हैं और कुछ दिन पूर्व छात्रों ने उच्च शिक्षामंत्री डॉ. धन सिंह रावत की सांकेतिक शव यात्रा निकाली और धरना-प्रदर्शन के साथ चक्काजाम



भी किया था। जिसके बाद अल्मोड़ा परिसर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बंद कर दिया गया था। परिसर बंद होने के बाद से छात्र और उग्र हो गए, जिसके बाद एक छात्रनेता ने शनिवार को 48 घंटे के भीतर छात्रसंघ चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं करने पर आत्मदाह की धमकी का वीडियो जारी किया था। छात्रनेता की आत्मदाह की धमकी के बाद से पुलिस प्रशासन सतर्क था और अल्मोड़ा में चौघानपाटा क्षेत्र सोमवार सुबह से छावनी में तब्दील हो गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे आत्मदाह की धमकी देने वाला छात्रनेता समर्थकों सहित उच्च शिक्षा मंत्री के विरोध में नारे लगाते हुए चौघानपाटा पहुंचा तो उसे पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। इसी दौरान जहां पुलिस का ध्यान उक्त छात्रनेता पर था वहीं, छात्रसंघ अध्यक्ष और एक अन्य छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी छात्रनेता ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। छात्रसंघ अध्यक्ष को पुलिस ने पकड़ लिया, लेकिन वहीं दूसरे छात्रनेता ने खुद को आग लगा ली।

## महिला महाविद्यालय में सुगंधा अध्यक्ष और स्वीटी रानी महासचिव बनी

हरिद्वार। महिला महाविद्यालय के छात्रा संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुगंधा और सचिव पद पर स्वीटी रानी ने जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद पर ईशा कठैत ने विजय हासिल की। वहीं, छात्रा संघ के कोषाध्यक्ष पद पर अवस्था सिंह और राधा का निर्विरोध चयनित हुए है। महिला महाविद्यालय में छात्रा संघ की मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. राखी सिह और सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. निभा राठी ने बताया कि सोमवार को महाविद्यालय में छात्रा संघ की कार्यकारिणी के लिए मतदान कराया गया। बताया कि छात्रा संघ के अध्यक्ष पद पर सुगंधा ने जीत प्राप्त की। सुगंधा को 160 वोट मिले, जबकि विपक्षी छात्रा शिवानी को 23 वोट प्राप्त हुए, 2 वोट निरस्त हुआ।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com